वेतन संकट : अब नरसिंहगढ़ नपा में हड़ताल

ब्यावरा, राजगढ़ और माचलपुर के बाद अब नरसिंहगढ़ नगर पालिका के कर्मचारियों ने खोला मोर्चा

तीन माह से नहीं मिला है वेतन, नपा कार्यालय के मुख्य गेट पर धरना

नवभारत न्यूज
नरसिंहगढ़/ब्यावरा 27 जनवरी. नरसिंहगढ़ नगर पालिका परिषद के कर्मचारी मंगलवार से कामकाज बंद कर अनिश्चितकालीन हड़ताल पर चले गये. कई माह से वेतन नहीं मिलने तथा अन्य मांगों को लेकर कर्मचारियों ने हड़ताल पर जाने का निर्णय लिया. जानकारी के अनुसार बीते तीन माह से कर्मचारियों को वेतन नहीं मिला है. साथ ही अतिरिक्त जीपीएफ, एपीएफ की कटौती राशि भी बकाया होना बताया जाता है, जो उन्हें नहीं मिली है.

कर्मचारियों ने नपा प्रांगण में धरना प्रदर्शन करते हुए कहा है कि पिछले तीन माह से वेतन नहीं मिलने के कारण उनका घर का खर्च चलाना मुश्किल हो गया है. कई बार शिकायत करने के बावजूद वरिष्ठ अधिकारी उनकी बात सुनने को तैयार नहीं है. जब भी वेतन की बात की जाती है, तो अधिकारियों द्वारा कर्मचारियों को वसूली कर लाने की बात कहकर टाल दिया जाता है, वसूली करने के बाद भी उन्हें वेतन नहीं मिल पा रहा है. इसी कारण उन्हें मजबूरन कलम बंद हड़ताल करना पड़ रहा है.

प्रत्येक माह समय पर मिले वेतन- कर्मचारियों की मांग है कि हर माह समय पर वेतन मिलना चाहिए. इनका कहना है कि जब तक दिसम्बर तक का बकाया वेतन नहीं मिल जाता हड़ताल जारी रहेगी. जल्द ही वेतन भुगतान की मांग की है. यदि प्रशासन समय पर वेतन भुगतान करना सुनिश्चित करता है तो हड़तल समाप्त की जा सकती है. 50 से 60 कर्मचारी हड़ताल पर है.

आर्थिक संकट से गुजरना पड रहा- कर्मचारियों का कहना है कि इतने लम्बे समय तक वेतन नहीं मिलने से भारी आर्थिक संकट का सामना करना पड़ रहा है. घर का खर्च चलाना, बच्चों के स्कूल की फीस सहित रोजमर्रा का खर्च चलाना भी मुश्किल हो रहा है.

मुख्य गेट पर धरना- कर्मचारियों के द्वारा नपा कार्यालय के यहां धरना दिया जा रहा है. समय पर वेतन का भुगतान करने की मांग करते हुए नारेबाजी की जा रही है. हड़ताल के कारण कामकाज ठप्प होने से आमजन को भी नपा संबंधी कार्य नहीं होने से परेशानी का सामना करना पड़ रहा है.

चार दिन से नहीं हो रहे नपा के कार्य

शनिवार, रविवार अवकाश होने तथा सोमवार को गणतंत्र दिवस के चलते कामकाज नहीं हो सका और मंगलवार को कर्मचारी हड़ताल पर चले गये . इस तरह चार दिन से नगर पालिका का कामकाज ठप्प है . नपा में आने वाले हितग्राहियों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है . फिलहाल नपाकर्मियो ने शीघ्र वेतन भुगतान की कार्रवाई नहीं होने तक हड़ताल जारी रखने की बात कही है .

बैंकों की हड़ताल से लाखों का लेनदेन प्रभावित

नवभारत न्यूज, ब्यावरा 27 जनवरी . मंगलवार को सरकारी सेक्टर बड़ी अनेक बैंकों की शाखाओं के अधिकारी, कर्मचारियों के हड़ताल पर चले जाने से कामकाज बंद रहा . जिले में ही दर्जनों शाखाएं बंद होने से लाखों का लेनदेन प्रभावित हुआ है . जानकारी के अनुसार सरकारी सेक्टर के बैंक, बैंकों बैंक ऑफ बड़ोदा, बैंक ऑफ इंडिया, स्टेट बैंक ऑफ इंडिया, बैंक ऑफ महाराष्ट्र,केनरा बैंक, सेंट्रल बैंक, इंडियन बैंक, इंडियन ओवरसीज बैंक, पंजाब एंड सिंध बैंक, यूको बैंक, यूनियन बैंक ऑफ इंडिया के अधिकारी, कर्मचारी हड़ताल पर रहे . यूनाइटेड फोरम ऑफ बैंक यूनियंस के राष्ट्रव्यापी आह्वान पर यह हड़ताल रही . रविवार एवं सोमवार अवकाश के बाद मंगलवार हड़ताल रही . कर्मचारियों द्वारा पांच दिवसीय बैंकिंग सप्ताह की मांग की जा रही है . प्रदेश भर के लगभग 40 हजार अधिकारी, कर्मचारी हड़ताल पर रहे . समूचे प्रदेश में विभिन्न बैंको की 7 हजार से अधिक शाखाएं बंद होकर कामकाज पूरी तरह ठप्प रहा . रविवार अवकाश, सोमवार गणतंत्र दिवस होने पर अवकाश के बाद मंगलवार को हड़ताल के चलते बैंक संबंधी कामकाज नहीं होने से ग्राहकों को भारी परेशानी हुई . लेनदेन नहीं होने से व्यापारियों, रोजाना लेनदेन करने वाले ग्राहकों को बहुत दिक्कतों का सामना करना पड़ा . बैंक संबंधी आवश्यक कार्य भी नहीं हो सके, जिससे काफी परेशानी का सामना करना पड़ा .

स्वास्थ्य मंत्री ने अस्पताल का किया निरीक्षण

नर्मदापुरम, 27जनवरी. स्वास्थ्य राज्यमंत्री नरेंद्र शिवाजी पटेल ने गणतंत्र दिवस के अवसर पर जिला अस्पताल नर्मदापुरम एवं सिविल अस्पताल इटारसी का निरीक्षण कर वहां प्रदाय की जा रही स्वास्थ्य सेवाओं का जायजा लिया।

निरीक्षण के दौरान उन्होंने

विभिन्न वार्डों का भ्रमण कर मरीजों, परिजनों, चिकित्सकों तथा अस्पताल प्रबंधन से सीधे संवाद किया। सिविल अस्पताल इटारसी में मंत्री श्री पटेल ने मैटरनिटी वार्ड, सर्जिकल वार्ड तथा ऑपरेशन थिएटर (ओटी) का अवलोकन किया। उन्होंने भर्ती मरीजों से चर्चा कर उपचार व्यवस्थाओं की जानकारी ली। मरीजों ने अस्पताल प्रबंधन द्वारा दी जा रही स्वास्थ्य सेवाओं पर संतोष व्यक्त किया।

गाय का कटा सिर रखकर किया चक्काजाम

10 थानों की पुलिस मौके पर पहुंचकर किए हालात कंट्रोल

विदिशा 27 जनवरी, शमशाबाद में मंगलवार को हालात दिन भरा रहा. यहां पर गाय के कटे सिर को लेकन हो रहे प्रदर्शन में भारी संख्या में लोग एकत्रित हो गए जो गाय को काटने वाले आरोपियों को गिरफ्तार करने की मांग पर अड़े हुए थे.दरअसल गुस्सा इस बात का भी था कि इस घटना के पहले भी गायों को काटा जा चुका है लेकिन आरोपियों ठोस कार्यवाही नहीं हुई जिसके चलते यह दूसरी वारदात तीन माह के भीतर हो गई.

शमशाबाद थाना क्षेत्र अंतर्गत आने वाले ग्राम करमेडी के जंगल में गाय का शव मिलने के बाद नगर में तनाव की स्थिति बन गई.घटना के विरोध में बजरंग दल समेत अन्य हिंदूवादी संगठन के कार्यकर्ताओं ने आजाद चौक पर चक्का जाम कर प्रदर्शन किया. प्रदर्शनकारियों ने नारेबाजी करते हुए आरोपियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की. बजरंग दल के आह्वान पर नगर का बाजार भी बंद कराया गया, सभी बजरंग दल के कार्यकर्ताओं ने थाना प्रांगण में बैठकर हनुमान चालीसा का पाठ किया. कुछ समय के लिए नगर में यातायात प्रभावित रहा, पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है. स्थिति को देखते हुए एसडीओपी अमरीश बोहरे, सिरोंज एसडीओपी सोनू डाबर, सहित दस थानों का पुलिस बल मौके पर पहुंच कर मामले को शांत कराया गया.

पुलिस ने कहा आरोपियों को जल्द किया जाएगा गिरफ्तार

प्रदर्शन कर रहे लोगों का कहना है कि करीब 3 माह पहले भी इलाके 4 गायों को इसी तरह काटकर मार दिया था.उस समय भी संदिग्ध लोगों के नाम भी बताए थे लेकिन पुलिस ने उस समय आरोपियों का ठोस कार्यवाही नहीं की थी जिसके चलते यह हालात दोवारा से बने .जिस पर पुलिस के अधिकारियों ने भरोसा दिलाया कि जल्द ही आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया जाएगा और ठोस कार्यवाही भी की जाएगी .

अस्पताल तक भी नहीं टिक सका सात जन्मों का साथ!

नवभारत न्यूज
गुना 27 जनवरी. शहर में एक ऐसी अधूरी प्रेम कहानी सामने आई, जिसने हर किसी को हिलाकर रख दिया है। लोग कह रहे हैं कि माता-पिता और रिश्तेदारों से छुपकर प्रेम का पाठ पढ़ रहे दो प्रेमियों के सात जन्मों तक साथ रहने की कस्म अस्पताल तक नहीं टिक गया। युवती ने जहर क्या खाया, उसका कथित प्रेमी अस्पताल में ही छोड़कर भाग गया। मामला इतना पेंचीदा है कि पुलिस के भी पसीने छूट रहे हैं।

दरअसल, शहर के गुलाबगंज इलाके में रहने वाली 21 वर्षीय युवती आरती की जहर से मौत का मामला सामने आया है। खास बात यह है कि इस प्रकरण में पल-पल नई अपडेट और चौंकाने वाले तथ्य सामने आ रहे हैं शुरूआत में इसे संदिग्ध आत्महत्या माना जा रहा था, लेकिन अब एक वायरल वीडियो और परिजनों के चौंकाने वाले आरोपों ने इस केस को 'हत्या' की दिशा में मोड़ दिया है। अस्पताल में गलत नाम से एंट्री कराने और प्रेम प्रसंग के उलझे तार अब पुलिस के लिए बड़ी चुनौती बन गए हैं। मृतक आरती उर्फ रितिका की मौत के मामले में सबसे बड़ा मोड़ तब आया जब सुमित सेन नामक युवक के साथ आरती का एक वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हुआ.

नाम परिवर्तन सूचना
सर्व सामान्य को सूचित किया जाता है मेरे पासपोर्ट में मेरा नाम SHIVANK AGARWAL लिखा है जिसे बदलकर SHIVANK AGRAWAL कर दिया है। मुझे SHIVANK AGRAWAL S/o JITENDRA KUMAR AGARWAL नाम से जाना व पहचाना जाऐं।
सही: SHIVANK AGRAWAL
34 केलकर वार्ड नं. 16-09
बालाघाट

कलेक्टर ने बच्चों के साथ किया भोजन

बैतूल. जिले में 26 जनवरी गणतंत्र दिवस के अवसर पर कलेक्टर नरेन्द्र कुमार सूर्यवंशी शासकीय सुभाष स्कूल में आयोजित विशेष भोज कार्यक्रम में शामिल हुए और स्कूली बच्चों के साथ भोजन किया। इस दौरान कलेक्टर सूर्यवंशी ने स्कूल के बच्चों के साथ ग्रुप फोटो भी खिंचवाया। इस अवसर पर आमला विधायक डॉ.योगेश पंडाग्रे, जिला पंचायत उपाध्यक्ष हंसराज धुर्वे,पुलिस अधीक्षक वीरेंद्र जैन, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक कमला जोशी, एसडीएम डॉ.अभिजीत सिंह सहित कर्मचारीगण ने भी बच्चों के साथ भोजन किया.

ड्राय डे के दिन भी अवैध रूप से हुई शराब की बिक्री

नवभारत न्यूज
सिवनी मालवा 27 जनवरी जहां एक ओर पूरा देश गणतंत्र दिवस का पर्व हर्षोल्लास के साथ मना रहा था, वहीं सिवनी मालवा क्षेत्र में अवैध शराब बेचने वालों के हौसले बुलंद नजर आए।

जानकारी के अनुसार गणतंत्र दिवस के दिन भी खुलेआम अवैध रूप से शराब की बिक्री की जा रही थी। राष्ट्रीय पर्व गणतंत्र दिवस 26 जनवरी के दिन भी सिवनी मालवा तहसील के ग्राम पंचायत गुवाड़ी के ग्राम हथनापुर में

ग्रामीणों के द्वारा अवैध रूप से विक्रय की जा रही शराब पकड़ी। ग्रामीणों का आरोप है कि बार-बार शिकायतों के बावजूद संबंधित विभाग द्वारा कोई ठोस कार्रवाई नहीं की जा रही, जिससे अवैध शराब कारोबारियों के हौसले बढ़ते जा रहे हैं। इससे क्षेत्र का माहौल खराब हो रहा है और युवा वर्ग गलत दिशा में जा रहा है.

बारिश के साथ गिरे ओले

नवभारत न्यूज
ब्यावरा/कुरावर 27 जनवरी, सं. मंगलवार को मौसम ने एकाएक करवट ली और जिले में कई जगहों पर आकाशीय गर्जना के साथ जोर की बारिश होने लगी. कुरावर में दोपहर बाद एक घंटे तक बारिश हुई. ब्यावरा में भी देर शाम को तेज बारिश हुई. सुठालिया सहित अन्य जगह पर भी बारिश हुई.

मंगलवार को बादल छाने के साथ ही बारिश का सिलसिला शुरु हो गया. ब्यावरा में सुबह बारिश होने के बाद देर शाम को फिर तेज बारिश होने लगी.

गेहूं की फसल आड़ बिछी: कुरावर में शाम के समय एक घंटे तक बारिश हुई. कुरावर सहित ग्राम सेमलखेड़ी,

गीलाखेड़ी, संवास, बड़नगर, मानपुरा, पीपलखेड़ा में चने के बराबर ओले गिरे. जानकारी के अनुसार चने के बराबर ओले गिरे, जिससे फसलों को नुकसान पहुंचने की आशंका है. गेहूं की फसल आड़ी फसल बिछने की जानकारी है. ग्राम सेमलखेड़ी निवासी सरजन सिंह, गीलाखेड़ी निवासी संतोष वर्मा, पीपलखेड़ा निवासी बलराम सिंह के अनुसार बारिश के बीच ओलावृष्टि भी हुई, जिससे गेहूं की फसल को नुकसान पहुंचने की आशंका है.

इचलकरंजी महानगरपालिका, इचलकरंजी
ता. हातकणंगले जि. कोल्हापूर

जाहीर फेर ई निविदा सूचना क्र. ९/२०२५-२०२६

इचलकरंजी महानगरपालिका स्वच्छ भारत अभियान २.० अंतर्गत कचरा डेपो येथे ओल्या व सुक्या कचऱ्यावर प्रक्रिया क्षमता वाढविणेसाठी मशिनरी खरेदी करणे व शेड बांधणेच्या कामांची जाहीर फेर ई निविदा क्रं. ९/२०२५-२६ www.mahatenders.gov.in या संकेतस्थळावर दि. २८/१/२०२६ रोजी स. ११.०० वाजले पासून प्रसिध्द करणेत येत आहे. सविस्तर जाहिरात www.mahatenders.gov.in या संकेतस्थळावर उपलब्ध आहे.

सही/-
उपायुक्त

कार्यालय नगरपालिका परिषद सारनी, जिला बैतूल म .प्र .

Email: cmosarni@mpurban.gov.in, Fax / Phone : 07146-256400
क्र नपा/लो .नि .वि ./2026/1785 सारनी, दिनांक 23/01/2026

//द्वितीय निविदा आमंत्रण सूचना//

निम्नलिखित कार्य हेतु केन्द्रीयकृत प्रणाली में शासन के उपयुक्त श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदार से ऑनलाईन निविदायें आमंत्रित की जाती हैं। निविदा का विस्तृत विवरण वेबसाईट http://mptenders.gov.in पर देखा जा सकता हैं।

क्र .	टेण्डर क्रमांक जारी दिनांक	कार्य का नाम	कार्य की समयावधि एवं लागत	निविदा प्रपत्र का मूल्य एवं EMD	निविदा की अंतिम तिथि
1	2	3	4	5	6
1	2026_UAD_477899_1	Water body Rejuvenation Works of at ward no. 13 Chhat Ghat Amrut 2.0 Scheme at Sarni.	12 माह (वर्षाकाल सहित) 15209000.00	12500.00 76045.00	11-02-2026

नोट :- निविदा से संबंधित किसी भी प्रकार के संशोधन का प्रकाशन ऑनलाईन http://mptenders.gov.in की वेबसाईट पर ही किया जावेगा, पृथक से समाचार में प्रकाशन नही किया जावेगा।

मुख्य नगर पालिका अधिकारी
नगर पालिका परिषद सारनी

motilal oswal Home Finance

मोतीलाल ओसवाल होम फाइनेंस लिमिटेड
कॉर्पोरेट कार्यालयः मोतीलाल ओसवाल टावर, रहीमतुल्लाह सयानी रोड, एसटी डिपो के सामने, प्रभादेवी, मुंबई-400025. ईमेलः hfquery@motilaloaswal.com. सीआईएन संख्याः U65923MH2013PLC248741

ई-नीलामी सह बिक्री के लिए सार्वजनिक सूचना

वित्तीय आस्तियों के प्रतिभूतिकरण एवं पुनर्निर्माण तथा प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम, 2002 के अंतर्गत अचल संपत्तियों की बिक्री हेतु 15 दिनों की ई-नीलामी बिक्री सूचना, प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियम, 2002 के नियम 8 और 9 के प्रावधानों के साथ। एतद्द्वारा आम जनता और विशेष रूप से उधारकताओं/गारंटियों/बंधककताओं को सूचित किया जाता है कि मोतीलाल ओसवाल होम फाइनेंस लिमिटेड (जिसे पहले एस्पायर होम फाइनेंस कॉर्पोरेशन लिमिटेड के नाम से जाना जाता था) के पास गिरवी रखी गई निम्नलिखित संपत्ति को ₹जैसी है जहाँ है₹, ₹जैसी है जो है₹ और ₹जो कुछ भी है₹ के आधार पर ₹ऑनलाइन ई-नीलामी₹ के माध्यम से बेचा जाएगा। बकाया राशि और अतिरिक्त ब्याज, शुल्क और लागत आदि की वसूली के लिए, जैसा कि नीचे रअफ्रक्रअएरकअधिनियम के प्रावधानों के अनुसार प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियम, 2002 के नियम 8 और 9 के साथ पढ़ा गया है। www.motilaloswalhf.com" नीचे दिए गए विवरण के अनुसारः

ई-नीलामी की तिथि और समयः 19-02-2026 / सुबह 11:00 बजे से दोपहर 2:00 बजे तक (प्रत्येक 15 मिनट के लिए असीमित विस्तार के साथ)

स. क्र.	उधारकर्ता/गारंटर/ ऋण खाता	मांग सूचना की तिथि और राशि	अचल संपत्ति का विवरण	आरक्षित मूल्य, ईएमडी और ईएमडी जमा करने की अंतिम तिथि
1	लैनः LXGUN00417-180060796 शाखाः गुना ऋणकर्ताः विनोद मंगिलाल चंदेल सह-ऋणकर्ताः उमाबाई विनोद चंदेल	12-04-2024 608629.69/- (छह लाख आठ हजार छह सौ उनतीस उनहत्तर पैसे मात्र)	सर्वे संख्या 626, पीएच नं. 24, वार्ड संख्या 5, कुंभराज, तहसील कुंभराज, जिला गुना 0 0 473222, गुना, मध्य प्रदेश	आरक्षित मूल्यः रु. 700000/- (सात लाख मात्र) ईएमडीः रु. 70000/- (सात हजार मात्र) ईएमडी जमा करने की अंतिम तिथिः 18-02-2026
2	लैनः LXGUN00316-170040016 शाखाः गुना ऋणकर्ताः रामगोपाल हेमराज शर्मा सह-ऋणकर्ताः उमा रामगोपाल शर्मा	22-03-2021 840713/- (आठ लाख चालीस हजार सात सौ तेरह मात्र)	सर्वेक्षण संख्या - 1426/2/2 का एक भाग, पीएच. संख्या - 22, वार्ड संख्या - 15, आरोन, तहसील एवं जिला - गुना, मध्य प्रदेश - 473101	आरक्षित मूल्यः रु. 350000/- (तीन लाख पचास हजार रुपये मात्र) ईएमडीः रु. 35000/- (पैंतीस हजार मात्र) ईएमडी जमा करने की अंतिम तिथिः 18-02-2026
3	लैनः LXGUN00316-170049543 शाखाः गुना ऋणकर्ताः राजपाल सिंह यादव सह-ऋणकर्ताः राजेश बाई	18-01-2024 497239/- चार लाख सत्तानबे हजार दो सौ उनतालीस मात्र)	सर्वेक्षण संख्या 1464 मि., 1780 मि., 1784 मि., पी.एच. संख्या 27, वार्ड संख्या 12, तारा सदन के पास स्कूल, विकास खंड, तहसील और जिला अशोक नगर, मध्य प्रदेश 473331	आरक्षित मूल्यः 600000/- (छह लाख मात्र) ईएमडीः रुपये 60000/- (छह हजार मात्र) ईएमडी जमा करने की अंतिम तिथिः 18-02-2026
4	लैनः LXGUN00417-180052764 शाखाः गुना ऋणकर्ताः बलराम परशोत्तम शर्मा सह-ऋणकर्ताः सुरेखा बलराम शर्मा	12-10-2023 268586/- (दो लाख अड़सठ हजार पाँच सौ छियासी मात्र)	सर्वे संख्या 222, मिन-7, ग्राम बहेरिया उर्फ रूप नगर, ईसागढ़ अशोकनगर, गुना, मध्य प्रदेश 473335	आरक्षित मूल्यः रु. 400000/- (चार लाख रुपये मात्र) ईएमडीः रु. 40000/- (चालीस हजार रुपये मात्र) ईएमडी जमा करने की अंतिम तिथिः 18-02-2026
5	लैनः LXGUN00417-180061228 शाखाः गुना उधारकर्ताः विजयकुमार सुरेश कुमार जैन सह-उधारकर्ताः प्रीति विजय कुमार जैन	15-07-2024 रु. 937753/- (नौ लाख सैंतीस हजार सात सौ तिरपन मात्र)	सर्वे क्रमांक 216/2/1 ग्राम अवरिमाफी अशोकनगर तहसील एवं जिला. अशोक नगर मध्य प्रदेश 0 0 473331 गुना मध्य प्रदेश	आरक्षित मूल्यः रु. 1100000/- (ग्यारह लाख मात्र) ईएमडीः रु. 110000/- (एक लाख दस हजार मात्र) ईएमडी जमा करने की अंतिम तिथिः 18-02-2026
6	लैनः LXGUN00417-180062745 शाखाः गुना ऋणकर्ताः पवन कुमार साहू सह-ऋणकर्ताः रचना बाई साहू	22-10-2021 544411/- (पांच लाख चौवालीस हजार चार सौ ग्यारह मात्र)	पीएच नं. - 40, सर्वे नंबर - 668/2, वार्ड नंबर - 15, कुंभराज, गुना, मध्य प्रदेश - 473222	आरक्षित मूल्यः रु. 700000/- (सात लाख मात्र) ईएमडीः रु. 70000/- (सत्तर हजार मात्र) ईएमडी जमा करने की अंतिम तिथिः 18-02-2026
7	लैनः LXGUN00115-160017734 शाखाः गुना ऋणकर्ताः सरनाम धनपाल राजपूत सह-ऋणकर्ताः रीना बाई राजपूत	11-01-2024 531597/- (पांच लाख इकतीस हजार पांच सौ सत्तानवे मात्र)	पीएच नं. -17, सर्वे नंबर 474/4, ब्रज विहार कॉलोनी, प्लॉट नंबर 13, शाधोरा नगर पंचायत, जिला-अशोकनगर, मध्य प्रदेश 473330	आरक्षित मूल्यः रु.700000/- (सात लाख मात्र) ईएमडीः रु.70000/- (सत्तर हजार मात्र) ईएमडी जमा करने की अंतिम तिथिः 18-02-2026
8	लैनः LXGUN00316-170031013 शाखाः गुना उधारकर्ताः ब्रजेश गोपालसिंह कुशवाह सह-उधारकर्ताः सुखवती कुशवाह	19-10-2023 511985/- पांच लाख ग्यारह हजार नौ सौ पचासी मात्र)	ब्लॉक नंबर सी-31, सर्वे नंबर 157/3/1 न्यूनतम, फोन एन-26, पुराना पी. एच एन-27, ग्राम पंचायत मोहरी राय आरोन रोड, टोरिया रास्ता, अशोक नगर, ताल और जिला-गुना, मध्य प्रदेश 473331	आरक्षित मूल्यः रु. 700000/- (सात लाख मात्र) ईएमडीः रु. 70000/- (सत्तर हजार मात्र) ईएमडी जमा करने की अंतिम तिथिः 18-02-2026
9	लैनः LXSAG00116-170033516 शाखाः सागर उधारकर्ताः प्रतिमा जोधन सिंह ठाकुर सह-उधारकर्ताः दीपक बदन सिंह ठाकुर	08-04-2022 668001/- छह लाख अड़सठ हजार एक मात्र)	खसरा नंबर- 149/2, पीएच नं. 23, मौजा-मुआर खास गांव, मुआर देवरी, पटेल फोटोकॉपी के पास, देवरी, सागर, मध्य प्रदेश-470226	आरक्षित मूल्यः रु. 700000/- (सात लाख मात्र) ईएमडीः रु. 70000/- (सत्तर हजार रुपये मात्र) ईएमडी जमा करने की अंतिम तिथिः 18-02-2026
10	लैनः LXSAG00316-170034007 शाखाः सागर ऋणकर्ताः उपेंद्र कुमार राजाराम राय सह-ऋणकर्ताः राजाराम गुमान राय	16-11-2024 695845/- (छह लाख पंचानबे हजार आठ सौ पैंतालीस मात्र)	खसरा क्रमांक 333/3, पीएच नं. 57, मौजा झुंकू, ग्राम पंचायत - झुंकू 0 0 470002, सागर, मध्य प्रदेश	आरक्षित मूल्यः रु. 800000/- (आठ लाख मात्र) ईएमडीः रु. 80000/- (अस्सी हजार मात्र) ईएमडी जमा करने की अंतिम तिथिः 18-02-2026
11	लैनः LXSAG00116-170038185 शाखाः सागर ऋणकर्ताः गोकुल भैयाराम अहिरवार सह-ऋणकर्ताः सुमन गोकुल अहिरवार	09-05-2025 1192178/- (ग्यारह लाख बानवे हजार एक सौ अठहत्तर मात्र)	खसरा संख्याः 122/6, पीएच नं. : 71, वार्ड संख्याः8, शिवाजी वार्ड, मोकरोनिया, तहसील एवं जिलाः सागर (मध्य प्रदेश), 470002 सागर, मध्य प्रदेश	आरक्षित मूल्यः रु. 500000 (पांच लाख मात्र) ईएमडीः रु. 50000/- (पचास हजार रुपये मात्र) ईएमडी जमा करने की अंतिम तिथिः 18-02-2026
12	लैनः LXGUN00217-180051643 शाखाः गुना ऋणकर्ताः ज्योति पुरुषोत्तम सक्सेना सह-ऋणकर्ताः पुरुषोत्तम सतीश सक्सेना	24-06-2019 330529/- (तीन लाख तीस हजार पांच सौ उनतीस मात्र)	सर्वे संख्या 408, ब्लॉक संख्या अ-13, पीएच नं. 4, अशोकनगर, गुना, मध्य प्रदेश - 473331	आरक्षित मूल्यः रु. 400000/- (चार लाख मात्र) ईएमडीः रु. 40000/- रुपये (चालीस हजार मात्र) ईएमडी जमा करने की अंतिम तिथिः 18-02-2026
13	लैनः LXBHO00417-180055824 शाखाः भोपाल ऋणकर्ताः भेरू सिंह राठौर सह-ऋणकर्ताः सीमा बाई राठौर	25-10-2018 548578/- (पांच लाख अड़तालीस हजार पांच सौ अठहत्तर मात्र)	प्लॉट, मकान संख्या 8/38, ग्राम कवलसिखेड़ा, जीरापुर, 465693 राजगढ़, मध्य प्रदेश	आरक्षित मूल्यः रु. 150000/- (एक लाख पचास हजार मात्र) ईएमडीः रु. 15000/- (पंद्रह हजार मात्र) ईएमडी जमा करने की अंतिम तिथिः 18-02-2026
14	लैनः LXGUN00417-180063051 शाखाः गुना ऋणकर्ताः सुनील रामभरोसा साहू सह-ऋणकर्ताः गीता बाई	09-05-2025 945803/- (नौ लाख पैंतालीस हजार आठ सौ तीन मात्र)	सर्वे संख्या 841, वार्ड संख्या 09, क्षेत्रफल 473101 वर्ग फुट, करोन गुना, मध्य प्रदेश	आरक्षित मूल्यः रु. 400000 (चार लाख मात्र) ईएमडीः रु. 40000 (चालीस हजार मात्र) ईएमडी जमा करने की अंतिम तिथिः 18-02-2026
15	लैनः LXMOGUNA721-220566832 शाखाः गुना ऋणकर्ताः भरत लाल सह-ऋणकर्ताः बिंदा बाई	11-01-2024 573706/- (पांच लाख तिहत्तर हजार सात सौ छह रुपये)	सर्वेक्षण संख्या 365/4 मिन, पीएच नं. 67, पुराना 73, ग्राम पंचायत मावन, आरएनएम 4, तहसील एवं जिला गुना, मध्य प्रदेश 473001	आरक्षित मूल्यः रु. 600000/- (छह लाख मात्र) ईएमडीः रु. 60000/- (साठ हजार मात्र) ईएमडी जमा करने की अंतिम तिथिः 18-02-2026
16	लैनः LXMOGUNA5522-230671980 शाखाः गुना ऋणकर्ताः मंगेश शर्मा सह-ऋणकर्ताः विजय कुमार मैथेल	09-07-2024 1978187/- उन्नीस लाख अठाहतर हजार एक सौ सत्तासी मात्र)	प्लॉट संख्या 350, सर्वेक्षण संख्या 1230/2/2/125(एस), पटवारी हल्का संख्या 61, वार्ड संख्या 35, न्यू साई सिटी कॉलोनी, मुहालपुर रोड, तहसील एवं जिला गुना न्यू सिटी कॉलोनी गुना, माता मंदिर चौराहा गुना 473001 गुना, मध्य प्रदेश	आरक्षित मूल्यः रु. 1600000/- (सोलह लाख मात्र) ईएमडीः रुपये रु. 160000/- (एक लाख साठ हजार मात्र) ईएमडी जमा करने की अंतिम तिथिः 18-02-2026
17	लैनः LXMOGUNA721-220581756 शाखाः गुना ऋणकर्ताः भानु यादव सह-ऋणकर्ताः प्रीति बाई यादव	07-10-2024 543009/- (पांच लाख तैंतालीस हजार नौ मात्र)	फ्टोन 22, सर्वे संख्या 1131, वार्ड संख्या 01, ब्लॉक कॉलोनी आरोन, आरोन 0 0 आरोन 473001, गुना, मध्य प्रदेश	आरक्षित मूल्यः रु. 600000/- (छह लाख मात्र) ईएमडीः रु. 60000/- (साठ हजार मात्र) ईएमडी जमा करने की अंतिम तिथिः 18-02-2026
18	लैनः LXMOGUNA5523-240677747 शाखाः गुना उधारकर्ताः रवींद्र सिंह यादव सह-उधारकर्ताः नंदोबाई यादव	07-10-2024 626116/- छह लाख छब्बीस हजार एक सौ सोलह मात्र)	कुशवाह का स्थित खुला भूखंड बगीचा रामानंद नगर पुराना वार्ड क्रमांक 09 नया वार्ड क्रमांक 15 पीएच नं. 27 खसरा नंबर 1525 अशोक नगर तहसील एवं जिला-अशोक नगर शिवपुरी पब्लिक विद्यालय 0 0 शिवपुरी पब्लिक स्कूल के पिचे 473331 गुना मध्य प्रदेश	आरक्षित मूल्यः रु. 600000/- (छह लाख मात्र) ईएमडीः रु. 60000/- (साठ हजार मात्र) ईएमडी जमा करने की अंतिम तिथिः 18-02-2026
19	लैनः LXMOGUNA5523-240669926 शाखाः गुना उधारकर्ताः राहुल रघुवंशी सह-उधारकर्ताः शीला बाई रघुवंशी	19-06-2024 1897598/- अठारह लाख नब्बे सात हजार पांच एक सौ निन्यानबे मात्र)	प्लॉट नंबर 22 का हिस्सा सर्वे का हिस्सा क्रमांक 226/7/2 पटवारी हल्का नं. 06 साकेत नगर कॉलोनी ग्राम बरखेड़ी विकास खण्ड अशोकनगर आर.एन.एम. अशोक नगर तहसील एवं जिला. अशोकनगर गुना रोड अशोक नगर महिंद्रा ट्रैक्टर शोरूम गुना मध्य प्रदेश 473331	आरक्षित मूल्यः रु. 1800000/- (अठारह लाख मात्र) ईएमडीः रु. 180000/- (एक लाख अस्सी हजार मात्र) ईएमडी जमा करने की अंतिम तिथिः 18-02-2026
20	लैनः LXMOSAGAR5523-240675210 शाखाः सागर उधारकर्ताः लक्ष्मीनारायण कुर्मी सह-उधारकर्ताः दीक्षा कुर्मी	06-02-2025 रु.696230/- छह लाख छियानवे हजार दो सौ तीस मात्र)	प्लॉट नंबर 65(पी) सर्वे नंबर 132(बी) पटवारी हल्का नंबर 53 मौजा प्यासी वृत्त-खुरई तहसील खुरई एवं जिला. भोपाल वृत्त खुरई तहसील खुरई 0 0 मंदिर के पास 470118 सागर मध्य प्रदेश	आरक्षित मूल्यः रु. 800000/- (आठ लाख मात्र) ईएमडीः रु. 80000/- (अस्सी हजार मात्र) ईएमडी जमा करने की अंतिम तिथिः 18-02-2026
21	लैनः LXMOGUNA5523-240697157 शाखाः गुना ऋणकर्ताः आशीष जैन सह-ऋणकर्ताः पूजा जैन	06-09-2024 1118006/- (ग्यारह लाख अठारह हजार छह मात्र)	मकान संख्या 119, वार्ड संख्या 13 और पुराना वार्ड संख्या 10, पुरानी हवेली के सामने वाली गली, पीएच नं. संख्या 27, अशोक नगर तहसील और जिलाः अशोकनगर, अशोक नगर 0 0, शिव मंदिर के पास 473331, गुना, मध्य प्रदेश	आरक्षित मूल्यः रु. 700000/- रुपये (सात लाख मात्र) ईएमडीः रु. 70000/- रुपये (सत्तर हजार मात्र) ईएमडी जमा करने की अंतिम तिथिः 18-02-2026
22	लैनः LXMOSAGAR5524-250738666 शाखाः सागर उधारकर्ताः महेंद्र सेन सह-उधारकर्ताः लता सेन	10-07-2025 1764866/- सत्रह लाख चौसठ हजार आठ सौ छियासठ मात्र)	खसरा नंबर का हिस्सा 415/1/1/1/1 /1/1/1/1/1/1/1/1/1/1 और खसरा नंबर 415/2/1/1/1/1/1/1/1, क्षेत्रफल विज्ञापन नाप 572 वर्ग फुट, पटवारी हल्का नंबर 65 वाघराज वार्ड नं. 47 मौजा सागर खास सर्किल सागर-1 तहसील एवं जिला। सागर श्री माँ हर्षसिद्ध सागर मध्यप्रदेश-470002	आरक्षित मूल्यः रु. 1600000/- रुपये (सोलह लाख मात्र) ईएमडीः रु. 160000/- रुपये (एक लाख साठ हजार मात्र) ईएमडी जमा करने की अंतिम तिथिः 18-02-2026
23	लैनः LXMOBHOPAL5224-250729935 शाखाः भोपाल ऋणकर्ताः प्रेम दयाल मीना सह-ऋणकर्ताः नीतू मीना	09-07-2025 646564/- (छह लाख छियालीस हजार पांच सौ चौंसठ मात्र)	संपत्ति प्लॉट संख्या 58 पर स्थित है खसरा संख्या 41/3/3 42 124 पुराना और नया फोन नंबर 10/18, Rnm नंबर 01/02, वार्ड संख्या 79 क्षेत्रफल 752 वर्ग फुट, ग्राम लंबाखेड़ा, तहसील हुजूर, जिला भोपाल। एचपी पेट्रोल पंप 462038 भोपाल, मध्य प्रदेश	आरक्षित मूल्यः रु. 712123/- (सात लाख बारह हजार एक सौ तेईस मात्र) ईएमडीः 71212/- (इकहत्तर हजार दो सौ बारह मात्र) ईएमडी जमा करने की अंतिम तिथिः 18-02-2026

नियम एवं शर्तें 1. नीलामी बोली दस्तावेज के आगे दिए गए नियमों एवं शर्तों और उसमें निर्धारित प्रक्रिया के अनुसार आयोजित की जाएगी। बोली लगाने वाले हमारे ई-नीलामी सेवा प्रदाता, मेसर्स एआरसीए ईमार्ट प्राइवेट लिमिटेड के वेब पोर्टलः https://www.auctionbazaar.com/ पर जाकर बोली संबंधी जानकारी और सहायता, ई-नीलामी के लिए रखी गई आरक्षित संपत्ति का विवरण और ऑनलाइन जमा किए जाने वाले बोली प्रपत्र प्राप्त कर सकते हैं। इच्छुक खरीदार नीलामी के नियम एवं शर्तें और प्रक्रिया उसी पोर्टल पर देख सकते हैं और मनीषकुमार यादव- 9826473666, प्रशांत पांडे - 8819922304, भूपेन्द्र खिची - 9372704781, गिर्राज यादव - 9074840399, मुकेश धाकड़ - 9372704710, रवीन्द्र सोनी - 9589328548, रोहित से संपर्क कर सकते हैं। चौहान - 9575511158, शशिकांत चतुर्वेदी - 9372704712, योगेश मधोरिया - 9630866533 विवरण उपरोक्त वेब पोर्टल पर उपलब्ध हैं और उनके केंद्रीकृत सहायता डेस्क से संपर्क कर सकते हैं: +91 83709 69696, ई-मेल आईडीः contact@auctionbazaar.com

अनुवाद में त्रुटिया विसंगति होने पर अंग्रेजी संस्करण मान्य होगा

एसडी-
अधिकृत अधिकारी, मोतीलाल ओसवाल होम फाइनेंस लिमिटेड
(पूर्व में एस्पायर होम फाइनेंस कॉर्पोरेशन लिमिटेड के नाम से जाना जाता था)
स्थानः मध्य प्रदेश
दिनांकः 28.01.2026